दिन– गुरूवार | दिनांक– 05/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पूरी दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है और ग्लोबल साउथ में भारत की आवाज गंभीरता से सुनी जा रही है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति कर रहा है।

03. विधानसभा और विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित।

04. और, बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस सात फरवरी को। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश होंगे शामिल।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने पिछले दिनों नौ बड़े देशों के साथ व्यापार समझौता किया है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत का अमरीका और यूरोपीय यूनियन के सत्ताईस देशों के साथ व्यापार समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है और ग्लोबल साउथ में भारत की आवाज गंभीरता से सुनी जा रही है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच के अभाव का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गयी थी और आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री के संबोधन की शुरूआत के बाद विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर दिया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच के बाद से राज्य ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। श्री कुमार ने बिहार के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सात निश्चय–तीन की घोषणा की है। इसके तहत नौकरी, रोजगार, आय दोगुनी करने, औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना के विकास और जीवन आसान बनाने के उपायों पर फोकस किया गया है।

———बाइट———

---

इससे पहले, चर्चा में भाग लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सुशासन से समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार बिहार के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

———बाइट———

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा मिलने के बाद ही बिहार का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए विपक्ष हमेशा सरकार के साथ है। श्री यादव ने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का भी मुद्दा उठाया।

———बाइट———

विधानसभा ने विपक्ष द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण में पेश किये गए संशोधन के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया और धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने इसकी घोषणा की।

———बाइट———

---

विधान परिषद में भी राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जवाब दिया। सदन ने ध्वनिमत से धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकृत किया। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने यह घोषणा की। इधर, परिषद में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा उठा। नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने नीट छात्रा की मौत का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार इस मामले की लीपापोती करने में जुटी है। निर्दलीय महेश्वर सिंह ने बढ़ रहे साइबर अपराध का मुद्दा उठाया। सरकार की ओर से उत्तर देते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में एक लाख से अधिक लोग साइबर ठगी के शिकार हुए हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध पर नियंत्रण को लेकर साइबर सेल का गठन किया गया है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि राज्य में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान चार दशमलव चार–आठ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन की खेती हुई। वहीं, तीन दशमलव नौ–तीन लाख मिट्रिक टन दलहन का उत्पादन हुआ। विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री यादव ने यह जानकारी दी।

–––बाइट–––

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि मोकामा टाल क्षेत्र में जल प्रबंधन के लिए हरोहर नदी के माध्यम से गंगा से अतिरिक्त पानी की निकासी की व्यवस्था की जा रही है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री चौधरी ने भरोसा दिया कि टाल के किसानों की बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

–––बाइट–––

---

बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस सात फरवरी को मनाया जाएगा। समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शामिल होंगे। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल होंगे।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी आधारित राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म–भारत टैक्सी का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि सरकार टैक्सी सेवा क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारी समितियां इस क्षेत्र में शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी टैक्सी सेवा ड्राइवरों का समर्थन करेगी, उनकी आमदनी बढ़ाएगी और उनके लिए समृद्धि लाएगी। श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी ड्राइवरों द्वारा अर्जित किराए पर कोई कमीशन नहीं लेगी।

–––बाइट–––

---

केंद्र सरकार ने ढ़ाई करोड़ से अधिक मृतकों के आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिये हैं। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य मृत व्यक्तियों के आधार डेटा के दुरूपयोग को रोकना है। श्री प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में भारत में लगभग एक सौ चौंतीस करोड़ सक्रिय आधार धारक हैं।

---

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कार्यरत एक सौ अठहत्तर कौशल विकास केंद्रों को अनियमितता बरतने के आरोप में कालीसूची में डाल दिया है। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि इस मामले में इकतालीस प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

---

रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरियों गांव में पिछले दिनों हुए दोहरे हत्याकंड मामले में मुख्य आरोपी पप्पू सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि पुलिस ने उसके पांच अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अररिया की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी युवक को दस साल कारावास और नब्बे हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पूरी दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है और ग्लोबल साउथ में भारत की आवाज गंभीरता से सुनी जा रही है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति कर रहा है।

03. विधानसभा और विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित।

04. और, बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस सात फरवरी को। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश होंगे शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।